## खबर संक्षेप

### सरपंच ने दो बूंद पोलियो पिलाकर किया जागरूक



**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप आज स्थानीय उपस्वास्थ्य केंद्र व आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। जहां पहुंचकर उन्होंने पोलियो दिवस पर बच्चों को दो बूंद पोलियो पिलाया और उनके बीच रहकर उन्हें जागरूक किया। भरत कश्यप ने कहा कि इस दो बूंद से हर बार पोलियो पर हम क्रमिक रूप से विजय प्राप्त करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज पोलियो दिवस पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो पिलाएं। इस दौरान पंच निरंजन बघेल, जगदीश सेठ्ठी, महेंद्र मौर्य सहित मितानिन उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाई गई घासीदास जयंती

**गीदम।** संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269 वीं जन्म जयंती नगर में हर्षोल्लास एवं भक्तिपूर्वक मनाई गई। यह कार्यक्रम विधायक चैतराम अटामी के मुख्य अतिथ्य में आयोजित हुआ। इस दौरान नगर पंचायत गीदम स्थित सतनाम भवन परिसर में नव नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में माधुरी गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत गीदम, प्रमिला सुराना सरपंच ग्राम पंचायत हारम, मनीष सुराना पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत दंतेवाड़ा, विनोद साहू पार्षद, बलराम सिंह ध्रुव मुख्य कार्य पदाधिकारी जनपद पंचायत गीदम, हुलसी प्रधान सीएमओ नगर पंचायत गीदम, देवनारायण अध्यक्ष सतनामी समाज किरंदुल, अमृतलाल टंडन पार्षद सहित नागरिक मंच में उपस्थित रहे।

## निधन

### चंद्रकला मोहंती

**जगदलपुर।** शनिवार रात को पथरागुड़ा निवासी चंद्रकला महंती का (90) निधन हो गया है। वे



सत्यनारायण महंती और अनीता महंती की माता थी। उनकी पुत्रवधू गीता महंती शिक्षा विभाग में व्याख्याता के पद पर कार्यरत है।वह अपने पीछे अपना भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार प्रवीर वार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिजन समेत शहर के गणमान्य लोग सम्मलित हुए।

### रत्ना शुक्ला

**रायपुर।** पुराना बस्ती, कोहका, भिलाई निवासी श्रीमती रत्ना



शुक्ला (उम्र 67 वर्ष) का 21 दिसंबर को सायं 4 बजे निधन हो गया। वे भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त सीनियर रिसर्च ऑफिसर डॉ. श्रवण कुमार शुक्ला की धर्मपत्नी तथा देवेंद्र शुक्ला, यामिनी एवं श्वेता शर्मा की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार 22 दिसंबर को प्रातः 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में किया जाएगा।

# एनएसएस इकाई ने मालगांव में चलाया सुरक्षित पारा सुरक्षित लईकामन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने रविवार को ग्राम मालगांव में सुरक्षित पारा सुरक्षित लईकामन परियोजना के तहत एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। परियोजना के चौथे सप्ताह में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव के हर घर और पारे में पहुंचकर स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया।

परियोजना के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने मालगांव के मांझीपारा, कविपारा, धाकड़पारा, सूंडीपारा, पुजारीपारा और डोंगरीगुड़ा जैसे विभिन्न मोहल्लों में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों और बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों को

**घर-घर लगाए सेहत और स्वच्छता के पोस्टर**



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य मोनिता पाणीग्राही, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर, सहायक अधिकारी वाणी हुमने और लोकेश निषाद का विशेष मार्गदर्शन रहा। इस अवसर पर पूनम ठाकुर, रोहिणी ठाकुर, वंदना ठाकुर, गुनगुन जोशी, लिंबती कश्यप, मनीषा ठाकुर, खुलेंद्र जोशी, यशवंत जोशी, तिलोतमा कश्यप, भगवती बघेल, कंचन बघेल, कामाक्षी, गौरी ठाकुर, अनीता नाग, रेखा कश्यप, भाग्यश्री कश्यप, थबीर नाग, परमानंद नाग और सूरज नाग सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के महत्व और समय पर इलाज न होने पर विभिन्न रोगों से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने हर घर और पारे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दीवारों पर जागरूकता पोस्टर भी चस्पा किए। अभियान को अधिक प्रभावी और रोचक बनाने के लिए स्वयंसेवकों ने गीत-संगीत का भी सहारा लिया। उन्होंने हर पारे में पहुंचकर जय जगत और स्वच्छता संबंधी गीत गाएं जिससे ग्रामीणों में उत्साह का संचार हुआ। हमेशा की तरह उन्होंने गांव के बच्चों और बड़ों को समाज की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया और शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना का सफल संचालन और नेतृत्व यूनिसेफ एवं शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला की योजना के अनुरूप किया जा रहा है।

## विशाल हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन

# पहली बार हजारों हिंदू एक मंच पर धर्म-संस्कृति संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

क्षेत्र में पहली बार आयोजित विशाल हिन्दू महासम्मेलन ने धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का संदेश दिया। स्वर्गीय राजेंद्र पामभोई स्टेडियम में हुए इस भव्य आयोजन में हजारों की संख्या में हिंदू समाज के लोग एकजुट हुए। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर धर्म, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण को मजबूती देना रहा। सम्मेलन से पूर्व संतों के सान्निध्य में शिव मंदिर में दर्शन-पूजन किया गया। इसके बाद भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें पीले वस्त्र धारण किए महिलाओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य-संगीत करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरकर समारोह स्थल तक पहुंचीं। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर संतों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। तत्पश्चात मंच पर भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वामी प्रेमस्वरूपानंद





सरस्वती महाराज ने कहा कि भोपालपटनम छत्तीसगढ़ का अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां तीन राज्यों का संगम है। उन्होंने कहा कि इस अंचल में धर्मांतरण जैसी गतिविधियों के षड्यंत्र होते रहे हैं, जिनका जवाब संगठित और जागरूक हिंदू समाज ही दे सकता है। सत्य सनातन की रक्षा और उसे सशक्त करने के उद्देश्य से ऐसे आयोजन आवश्यक हैं।

मुख्य वक्ता टोपलाल वर्मा ने कहा कि देशभर में एक लाख स्थानों पर हिन्दू सम्मेलन आयोजित करने का लक्ष्य है, जिसमें छत्तीसगढ़ में भी लगभग 2000 स्थान शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य हिंदू समाज को एक मंच पर लाकर संगठित करना और जन-जन में सांस्कृतिक चेतना का विस्तार करना है।

### बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

आयोजक समिति के सचिव पी. आनंद कुमार ने बताया कि भोपालपट्टनम में यह पहला ऐसा आयोजन है, जिसमें दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सनातन धर्म के मूल्यों और परंपराओं से लोगों को जोड़ने के लिए बाहर से संतों को आमंत्रित किया गया। सम्मेलन में आए श्रद्धालुओं के लिए भोजन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट, जिला अध्यक्ष घासी राम नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरस, उपाध्यक्ष पेरे पुलैया, सरिता कुड़ेम, नीलम गनपत, श्रीनिवास मुदलियार, संजय लुंकड़, जिलाराम राणा, बी गौतम राव, जया चिडेम, रिंकी परस्ते सहित जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष टी. गोवर्धन, संरक्षक जी. सुधाकर, ए. सुधाकर, जी. प्रेम कुमार, उपाध्यक्ष अरुण भगत, मट्टी संपत, अप्पा राव लम्बाड़ी, जी. ललैया, यालम वेंकटेश्वर, रूमा गौतुल, सचिव आनंद पड़ीशालवार, सहसचिव राकेश केतारप कोषाध्यक्ष के. श्रीनिवास, सहकोषाध्यक्ष अखिलेश गुरला, मीडिया प्रभारी गिरिजा शंकर नरसिंह रेड्डी, पी. नागेंद्र,युवा व महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। ब्लाक में ऐसा आयोजन पहली बार होने से क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखते ही बनता था।

# ब्लूप्रिंट पर आधारित प्रशिक्षण के समापन पर जिला शिक्षा अधिकारी ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

एससीईआरटी द्वारा आयोजित व जिला परियोजना अधिकारी, सह जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा के निर्देशन पर हाई व हायरसेकंडरी शालाओ के व्याख्याताओ का ब्लू प्रिंट पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर बस्तर ब्लॉक के कन्या सेजेस बस्तर में जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल उपस्थित हुए। उनके द्वारा इन पांच दिवसों के प्रशिक्षण अवधि में मास्टर ट्रेनरों से व्याख्याताओ द्वारा क्या कुछ सीखने को मिला। उसका फीडबैक विज्ञान, भौतिकी, रसायन के अलग अलग विषय विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त किया । जिसमें रटने की प्रणाली से हटकर पाठ को कैसे बच्चा समझकर लिख सके इस पर जोर दिया गया। साथ ही नई शिक्षा नीति के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई । अपने उद्बोधन में अधिकारी द्वारा शिक्षक को अपने मूल कर्तव्य को दृढ़ता व लगन से करने तथा जो भी इन पांच दिवसों में ब्लूप्रिंट पर आधारित प्रशिक्षण में ज्ञान अर्जित किया है उसे शाला स्तर व बच्चों तक ईमानदारी के साथ साझा करने की बात कही गई । साथ ही उन्होंने अपने शिक्षकीय जीवन शैली के बारे में भी अपना अनुभव साझा किए । सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी ने सभी उपस्थित व्याख्याताओ को शांति पूर्वक व नियमित प्रशिक्षण पर उपस्थित रहकर मास्टर ट्रेनरों के सहयोग करने के लिये प्रशंशा की। भरोसा दिलाया कि यहां से जो जानकारी इन 5 दिनों में हमारे ब्लॉक के व्याख्याताओ ने प्राप्त किया है उसका लाभ शाला स्तर व बच्चों तक पहुंचेगा व परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे । उक्त पांच दिवसीय प्रशिक्षण में बस्तर ब्लॉक के विभिन्न शालाओ से विज्ञान व गणित विषय से संकायवार 129 व्याख्याताओ ने भाग लिया । आज के समापन अवसर पर बीआ सी अजम्भर कोर्राम, प्राचार्य चन्द्रभान मिश्रा, मास्टर ट्रेनर डोमार साहू, कुलेश्वर यादव उपस्थित थे ।

**10 विधाओं में 200 प्रतिभागी हुए शामिल**

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

युवा प्रोत्साहन अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में 10 विधाओं में शामिल होकर लगभग 200 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । जिला मुख्यालय के पोर्टा केबिन

- जिला खेल आधिकारी ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विकासखंड बीजापुर, भैरमगढ़, उसूर और भोपालपटनम के चयनित प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं में अपनी कला और हुनर का प्रदर्शन किया ।

लोकनृत्य में अंकिता हेमला एवं साथी बीजापुर, राउत नाचा में सुरेश बैंडजे एवं साथी, सुआ नृत्य में अनीता वाचम एवं साथी, लोक नृत्य में नीतू ताती एवं साथी, वाद विवाद में मानसी राणा, निशा यादव, कहानी लेखन दीपक





कुड़ीयम, चित्रकला में गीतांजलि भास्कर, कविता लेखन में ज्योति मांझी, नवाचार में वैशाली सिन्हा कल्पलता पातर, एकांकी में आकांक्षा बंजाम एवं साथी, पारंपरिक वेशभूषा में सुरेश बैंडजे विजेता रहे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खिताब जीतने वाले प्रतिभागियों को डिप्टी कलेक्टर एवं खेल युवा कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल ने प्रमाणपत्र और उपहार देकर पुरस्कृत किया। तथा राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन



के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एपीसी मोहम्मद जाकिर खान, बीईओ नागेश निषाद, सहायक खेल अधिकारी डी सुब्बैया एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# नियम, प्रतिज्ञा एवं अनुशासन के महत्व की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

विद्यालय में विद्यार्थियों के शारीरिक मानसिक एवं नैतिक विकास के उद्देश्य से दो दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आयोजन विद्यालय परिसर में प्राचार्य एस के श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। यह शिविर 20 एवं 21 दिसंबर को हुआ।

- डीएवी में दो दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आयोजन

रेंजर लीडर तृप्ति श्रीवास्तव, स्काउट मास्टर नारायण प्रसाद, मास्टर राकेश कुमार के कुशल नेतृत्व में इस शिविर में 80 छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ 20 दिसंबर को ज्वाल्य गीत एवं स्काउट गाइड के जनक बेडेन पावल की संक्षिप्त जानकारी के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों को रेंजर लीडर तृप्ति श्रीवास्तव के द्वारा स्काउट गाइड के नियम, प्रतिज्ञा एवं अनुशासन के महत्व की जानकारी दी गई । शिविर के दौरान छात्रों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, स्वच्छता, प्राथमिक उपचार



एवं सेवा कार्य से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकगण वरिष्ठ शिक्षक अजय कुमार झा, दिनेश यादव, हरिशंकर एवं अर्चना बघेल का विशेष योगदान रहा।

रात्रि में आयोजित गतिविधियों में कैंप फायर, समूह कार्य, अनुशासन एवं सेवा भावना से जुड़े कार्यक्रम शामिल थे । इन गतिविधियों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास सहनशीलता एवं सहयोग की भावना का विकास हुआ । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस.के .श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस प्रकार के शिविरों को जीवनोपयोगी नेतृत्व क्षमता के गुणों का विकास करने वाला बताया। तथा सभी प्रतिभागियों एवं शिविर से जुड़े शिक्षकों की सराहना की। बच्चों ने अपने हाथों से ब्रिज निर्माण एवं टेंट निर्माण भी किया इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने टीमवर्क, तकनीकी कौशल एवं समस्या समाधान की क्षमता का प्रदर्शन किया । 21 दिसंबर को प्रातः बी.पी .सिक्स, दिनचर्य एवं समीक्षा सत्र के साथ शिविर का समापन किया गया। इस प्रकार एक रात्रि स्काउट गाइड शिविर अत्यंत सफल रहा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हुआ।

# अध्यक्ष तथा पार्षदों ने किया स्टाप डेम निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बड़े बचेली पालिका अंतर्गत छठ घाट के कायाकल्प की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल तथा उपाध्यक्ष सतीश प्रेम चांदनी ने

- ट्रिपल इंजन की सरकार अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाने प्रतिबद्ध

पार्षदों तथा नागरिकों की उपस्थिति में स्टॉप डैम निर्माण का भूमिपूजन किया। उक्त स्टॉप डैम की मांग विगत कई वर्षों से नागरिकों द्वारा की जा रही थी। विदित हो की ग्रीष्म काल में नाला का पानी लगभग सूख जाता हैं जिससे मनुष्यों सहित पशुपक्षियों को काफी समस्या हो जाती है तथा विभिन्न हिंदू त्योहारों



में मूर्ति विसर्जन की भी समस्या बनी रहती है। स्टाप डेम बनने से बारह महीने जल उपलब्ध रहेगा।

भूमि पूजन के अवसर पर पालिकाध्यक्ष राजू जायसवाल ने कहा कि देश में ट्रिपल इंजन की सरकार है, हम नगर के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। उत्तर प्रदेश - बिहार समाज द्वारा लगातार छठ घाट के सौंदर्यीकरण की मांग की जा रही थी जिसमे पूर्व में घाट में शेड, रोशनी व्यवस्था का कार्य करवाया गया था अब स्टॉप डैम का कार्य प्रारंभ किया गया है तथा भविष्य में घाट का विस्तारीकरण किया जाएगा। इस कार्य की नगर में सर्वत्र प्रशंसा हो रही हैं। नगर में स्थित साफ पानी का एक मात्र नाला होने के कारण काफी बड़ी आबादी इस पर निर्भर हैं। छट पूजा भी इसी घाट पर सम्पन्न होती हैं। विद्युत व्यवस्था सड़क तथा घाट नवनिर्माण की वर्षो से लंबित मांग को पुर्ण करने के पश्चात यह कार्य मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी, लोकनिर्माण विभाग प्रभारी पार्षद हरीश शर्मा, वार्ड पार्षद रघुनाथ मरकाम (बाबू), झिलकी नाग, धन सिहं नाग, श्याम लाल सेठिया, संतोष नेगी उप अभियंता, मनोज सिंह, आनंद प्रसाद, उत्तर प्रदेश बिहार सांस्कृतिक क्लब के अध्यक्ष अजय बंसल, संजय सिंह संयुक्त सचिव सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे।



